<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>
<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

विषयः भारत के प्रमुख हवाई अड्डों पर स्थित सीमाशुल्क मुक्त दुकानों पर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का स्वर्णिम अवसर।

नई दिल्ली, 22 मई 2015, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण देश में हवाई अड्डों के विकास, प्रचालन तथा अनुरक्षण के कार्य में सलंग्न है तथा अपने इस प्रयास के तहत प्राधिकरण ने हाल ही में विभिन्न हवाई अड्डों पर घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात के लिए नए टर्मिनलों के निर्माण का कार्य संभाला है।

अब इन विश्व स्तरीय हवाई अड्डों से यात्रा करने वाले लोगों को विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की यह योजना है कि सीमाशुल्क मुक्त दुकानों के क्षेत्र में विश्व के जाने-माने लोगों को अपने निम्नलिखित हवाईअड्डों पर व्यापार हेतु आमंत्रित किया जाए:-

हवाई अड्डा	न्यूनतम वार्षिक गांरटी राशि/न्यूनतम वार्षिक लाइसेन्स शुल्क
चेन्नई	यू.एस. डॉलर 8531332
कोयम्बटूर	यू.एस. डॉलर 348600
कालीकट	यू.एस. डॉलर 2097500
मैंगलोर	यू.एस. डॉलर 344200
त्रिची	यू.एस. डॉलर 846600
त्रिवेन्द्रम	यू.एस. डॉलर 2350400
कोलकाता	यू.एस. डॉलर 3316245
अहमदाबाद	यू.एस. डॉलर 306400
गोवा	यू.एस. डॉलर 1269000
पुणे	यू.एस. डॉलर 360800
जयपुर	यू.एस. डॉलर 171400
लखनऊ	यू.एस. डॉलर 102100
अमृतसर	यू.एस. डॉलर 1567000

प्राधिकरण ने प्रस्तावों के मूल्यांकन हेतु एकल स्तरीय चयन प्रक्रिया अपनाई हैं, जिसमें तकनीकी व वित्तीय प्रस्ताव शामिल हैं जोकि प्राधिकरण की ई-टेण्डरिंग वेबसाइट द्वारा ऑनलाइन रुप में जमा किए जाने हैं। प्रस्तावों के प्राप्त होने के बाद एक तकनीकी मूल्यांकन किया जाएगा। इस तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर सफल बोली कर्ताओं की एक लघु-सूची तैयार की जाएगी। इसके बाद योग्य बोलीकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत वित्तीय प्रस्तावों के साथ ही तकनीकी प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जाएगा। अंत में वित्तीय बोलियों को श्रेणीबद्ध किया जाएगा तथा सबसे उच्च बोलीकर्ता को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों पर सीमाशुल्क मुक्त दुकानों के निर्माण, डिजाइन, वित्त प्रबंध, प्रचालन तथा अनुरक्षण कार्य प्रदान करने के लिए चयनित किया जाएगा।

<u>बोली लगाने वाले का स्थल पर जाना तथा सूचनाओं का सत्यापनः-</u>

हवाई अड्डा स्थल पर जाकर तथा कंशेसन की साइट की स्थिति, यात्रियों की संख्या, स्थान, आस-पास का क्षेत्र, विद्युत की उपलब्धता, जल एवं अन्य दूसरी सुविधाएँ, कंशेसन साइट पर पहुँचने की सुविधा, सामान को हैंडलवन उसका भंडारण करने मौसम संबंधी डाटा, लागू नियम एवं विनियम तथा अन्य कोई मामला जो इन्हें उचित लगे, के बारे में जानकारी एकत्र करने के बाद बोली लगाने वाला अपनी बोली लगा सकता है। इसलिए प्रत्येक बोली कर्ता को स्वतः इनका मूल्यांकन एवं विश्लेषन कर लेना चाहिए तथा अनुमानों एवं मूल्यांकनों की शुद्धता, यथार्थता, सच्चाई, विश्वसनीयता एवं पूर्णाता की जाँच कर लेनी चाहिए।

निविदा प्रक्रिया, बिडं जमा करने, तथा तकनीकी बिड के खुलने की विस्तृत जानकारी भाविप्रा की बेवसाइट www.aai.aero तथा www.airportsindi.org.in पर उपलब्ध है।

....

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें।

महाप्रबंधक (जनसंपर्क), भाविप्रा 9810025069,011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति सं - 14/2015-16